सत्यमेव जयते

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय MINISTRY OF HOME AFFAIRS
जनगणना कार्य निदेशालय, दिल्ली
DIRECTORATE OF CENSUS OPERATIONS, DELHI
सी-विंग, भूतल, पुष्प भवन, मदनगीर रोड, नई दिल्ली - ११००६२
C-Wing, Ground Floor, Pushpa Bhawan, Madangir Road, New Delhi - 110062
Tel. No. 011 29966075, 29962184, 29966333, Fax: 011 29966177
e-mail: dco-del.rgi@censusindia.gov.in

भारत की जनगणना CENSUS OF INDIA 2011

स./ए31013/1/2010-डी.सी.ओ/ 40 दिनांक 3-2-2017

## निविदा आमंत्रण

**विषय : अनुबंध के आधार पर जनगणना भवन की साफ सफाई हेतु निविदा आमंत्रण।**

इस निदेशालय के सम्पूर्ण भवन जो की दो भूतलो में विभाजित है की साफ सफाई (कक्षो में स्थापित मशीन,फर्नीचर तथा अन्य समान सहित) हेतु मासिक आधार पर निविदाए, दो निविदा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के अंतर्गत निम्नलिखित शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती है –

सामान्य शर्ते :-

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी रु 5000/- (रुपये पाँच हज़ार मात्र ) का बैंक ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर / बैंकर्स चेक धरोहर राशि के रूप में डी.डी.ओ, जनगणना कार्य निदेशालय,दिल्ली के पक्ष में देय हो, संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. अनुबंध अवधि में कार्य छोड़ने पर सफल निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि जब्त की जाएगी ।
3. साफ-सफाई कार्य हेतु आपके द्वारा लगाए गए कर्मचारियो को राज्य शासन द्वारा निर्धारित minimum wages act के अंतर्गत वेतन दिया जाना होगा,जिसमे कर्मचारी भविष्य निधि ( E.P.F) तथा कर्मचारी राज्य बीमा अंशदान(E.S.I.C) की कटौती शामिल होगी, इस संबंध में E.P.F एवं E.S.I.C पंजीकरण पत्र की छाया प्रति भी संलग्न की जावे।
4. कार्यालय के अधिकारियों के कक्षों एवं कर्मचारियो की टेबल एवं कुर्सी की साफ-सफाई का कार्य नियमित रूप से कार्यालय प्रारम्भ होने के एक घंटा पूर्व किया जाना होगा।
5. साफ-सफाई के अंतर्गत उल्लेखित कक्षों के फ्लोर, सीढ़ियो,दीवारों एवं छत की साफ सफ़ाई के साथ-साथ कक्षों में रखे मशीन एवं फ़र्निचर की धूल इत्यादि साफ-सफ़ाई किया जाना होगा।
6. फ्लोर एवं TOILET ROOM(महिला / पुरुष) की साफ-सफाई का कार्य दिन में दो से तीन बार अनिवार्य रूप से किया जाना होगा ।
7. साफ-सफाई कार्य हेतु नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारी का संबन्धित कार्य में दक्ष होना आवश्यक है,जिन्हे पूर्णतया अनुशासन एवं समय पाबंद रहते हुये कार्य किया जाना होगा।
8. साफ-सफाई कार्य हेतु प्रतिदिन 02 कर्मचारी प्रात: 8:00 बजे से साय: 05:00 बजे तक साफ-सफाई कार्य हेतु नियुक्त किए जाने होंगे, कर्मचारी के अवकाश पर रहने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जानी होगी । आवश्यकतानुसार समय सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है।
9. साफ-सफाई हेतु प्रयुक्त की जाने वाली सम्पूर्ण सामाग्री (यथा तरल साबून, फ़िनाइल, एसिड, नेपथलिन बाल, सफाई का पाउडर,एयर फ्रेश्नर,रूम फ्रेश्नर,डस्टर,कोलिन,पोंछा,वाइपर,टॉइलेट ब्रुश,नारियल झाड़ू, फूलझाड़ू,यूरिनल क्यूबस आदि) का वहन निविदाकर्ता द्वारा किया जाना होगा।
10. कार्यालय में पूर्ण रूप से सफाई ना करने या किसी क्षेत्र की सफाई छूट जाने पर या सफाई कार्य में लापरवाही करने पर या पर्याप्त मात्रा में सफाई सामाग्री का उपयोग न करने पर भुगतान काटा / रोका जा सकता है ।

11. कम्प्युटर संबंधी कीमती उपकरण कार्यालय में संधारित है जिसकी साफ-सफाई में अत्यंत सावधानी बरती जानी है। साफ-सफाई के दौरान इन उपकरणो में किसी प्रकार की क्षति न हो इसकी जिम्मेवारी निविदाकर्ता की होगी।
12. साफ-सफाई के दौरान विशेष ध्यान रखा जाना है की भारत की जनगणना 2011 के अभिलेख या अन्य किसी भी शासकीय कागजातों , नस्तियों एवं पुस्तकों आदि को किसी भी प्रकार की क्षति नही पहुंचे।
13. वैक्युम क्लीनर एवं अन्य सफाई उपकरण इत्यादि की व्यवस्था भी फ़र्म को अपने स्तर से करनी होगी।
14. साफ-सफाई हेतु नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियो को संस्था द्वारा निर्धारित ड्रेस(वर्दी) में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
15. सभी बाह्य स्त्रोत से लगाए गए कर्मीयो की उपस्थिति का सत्यापन उनके आधार बायोमेट्रिक उपस्थिति पंजिका रेकॉर्ड / लॉग बुक से होना चाहिए।
16. उल्लेखित शर्तो के पालन हेतू अनुबंधन पत्र के माध्यम से सहमति पत्र दिया जाना होगा।
17. कार्य उपरांत प्रत्येक माह के अंत में देयक भुगतान हेतू दो प्रतियो में प्रस्तुत किया जाना होगा, जिसका भुगतान प्राधृकित अधिकारी द्वारा प्रत्येक माह " कार्य संतुष्टि प्रमाण- पत्र " दिये जाने के उपरांत किया जाएगा।
18. प्रदान की जाने वाली दरे कार्य आरंभ तिथि से 01 वर्ष के लिए वैध होगी, जिसे कार्य संतोषजनक न होने पर 01 माह पूर्व नोटिस देते हुये समाप्त भी किया जा सकता है।
19. वैधानिक भुगतान जैसे की E.P.F एवं E.S.I.C आदि के सत्यापन हेतु फ़र्म द्वारा प्रतिमाह तैनात कर्मियों के खाता में कटौती जमा करने संबंधी साक्ष्य / चालान प्रस्तुत किया जाना होगा।
20. साफ-सफाई कार्य हेतु लगाए गए कर्मीयो को किसी भी तरह के शासकीय वेतन भत्ते आदि मान्य नहीं होंगे किसी भी कर्मचारी को नियमित नहीं किया जाएगा एवं इस संबंध में कर्मचारी भविष्य में किसी भी प्रकार के दावे के हकदार नहीं होंगे। ड्यूटी अवधि में किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना / दुर्घटना आदि के लिए कार्यालय किसी भी प्रकार के दावे को मान्य नही करेगा।
21. निविदाकर्ता को यह सुनिश्चित किया जाना होगा की उसके द्वारा लगाये गए बाह्य स्त्रोत के कर्मीयो के वेतन का भुगतान उनके आधार नंबर से युक्त बैंक अकाउंट के माध्यम से किया जावे, इस संबंध में वास्तविक भुगतान संबंधी अपेक्षित दस्तावेज़ प्रतिमाह प्रस्तुत किया जाना होगा।
22. शासन द्वारा निर्धारित टी.डी.एस(T.D.S) की कटौती नियमानुसार कार्यालय द्वारा की जावेगी।

तकनीकी बोली -: परिशिष्ट B में दर्शाये अनुसार आवश्यक प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियाँ अनिवार्य रूप से संलग्न करते हुये भरकर प्रस्तुत किया जाना होगा।

वित्तीय बोली -: परिशिष्ट A में दर्शाये अनुसार पूर्णतया स्पष्ट अंको में भरकर प्रस्तुत किया जाना होगा।

अत: कार्यालयीन समय में सम्पूर्ण भवन का निरीक्षण कर उल्लेखनासुर शर्तों के अंतर्गत मासिक आधार पर साफ-सफाई की न्यूनतम दरे 02 लिफाफा पद्यति (तकनीकी एवं वित्तीय लिफाफा) के आधार पर लिफाफो के ऊपर स्पष्ट अक्षरो में " अनुबंध के आधार पर साफ-सफाई कार्य हेतु तकनीकी निविदा " एवं " अनुबंध के आधार पर साफ-सफाई कार्य हेतु वित्तीय निविदा " लिखा जाना होगा। उक्त दोनों तकनीकी निविदा लिफाफा एवं वित्तीय निविदा लिफाफा को एक बड़े लिफाफे में बंद कर लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरो में " अनुबंध के आधार पर साफ-सफाई कार्य हेतु निविदा " लिखा जाना होगा।

उपर्युक्त शर्तो अनुसार समूचित निविदाए सीलबंद लिफाफो में दिनांक 16/02/17 (दोपहर 12:00 बजे तक) इस निदेशालय में प्रस्तुत किया जावे। प्राप्त निविदाओ में से तकनीकी तथा वित्तीय निविदाओ को दिनांक 16/02/17 को दोपहर 2:00 बजे कय समिति द्वारा खोला जावेगा। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त निविदाओ पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार संयुक्त निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय , दिल्ली को होगा।

भवदीय

(अजय सहाय)
सहायक निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख

परिशिष्ट A

निविदा संख्या__________/_______दिनांक_______में दिये गए नियम एवं शर्तो से मैं सहमत होते हुये जनगणना भवन की नियमित रूप से साफ-सफाई कार्य एवं सामाग्री निम्नानुसार दरे प्रस्तुत करता हूँ -:

| क्र. सं | विवरण | प्रति व्यक्ति दर | संख्या | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मूल वेतन | | | |
| 2 | E.P.F कटौती राशि(प्रतिशत का उल्लेख करते हुये) | | | |
| 3 | E.S.I.Cकटौती राशि( प्रतिशत का उल्लेख करते हुये) | | | |
| 4 | SERVICE TAX(प्रतिशत का उल्लेख करते हुये) | | | |
| 5 | Agency Charges | | | |
| 6 | कुल व्यय | | | |

हस्ताक्षर___________

नाम, पता एवं सील___________

परिशिष्ट B

निविदा संख्या ____________/________ दिनांक ____________में दिये गए नियम एवं शर्तो से सहमत होते हुये जनगणना भवन की नियमीय रूप से साफ-सफाई कार्य (सामाग्री सहित) के तकनीकी निविदा संबंधी विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ:-

| क्र. सं | विवरण | हाँ / नहीं | प्रष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 01 | संस्था के वैध पंजीकरण की छायाप्रती | | |
| 02 | संस्था के वैध पैन नंबर / टिन नंबर की छायाप्रती | | |
| 03 | संस्था के सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रती | | |
| 04 | संस्था के एवं पंजीकरण की छायाप्रती | | |
| 05 | निविदाकर्ता द्वारा न्यूनतम 03 वर्षो का किसी अन्य शासकीय कार्यालयो / संस्थाओ में उकतानुसार दी गई सेवाओ संबंधी अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रतीया | | |
| 06 | निविदाकर्ता द्वारा विगत 03 वर्षो का टर्नओवर कम से कम 02 लाख वार्षिक होने संबंधी विगत 03 वर्षो की Audit Balance Sheet की छायाप्रतीया | | |
| 07 | निविदाकर्ता का विगत 03 वर्षो का आयकर रिटर्न की छायाप्रतीया | | |
| 08 | धरोहर राशि के रूप में रु 5000/- (पाँच हज़ार रुपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक जो की डी.डी.ओ, जनगणना कार्य निदेशालय , दिल्ली के पक्ष में देय हो संलग्न किया गया है | | |
| 09 | कोई अन्य विवरण की छायाप्रतीया | | |

हस्ताक्षर____________

नाम, पता एवं सील____________